# वो मुस्कान जो रुकी नहीं

Developed by Garima Agarwal




## भूमिका

धारावी, मुंबई (भारत) का एक बहुत घनी आबादी वाला इलाका है। यह एशिया की सबसे बड़ी झुग्गी बस्तियों में से एक माना जाता है। धारावी में लाखों लोग बहुत ही सीमित संसाधनों में रहते हैं, लेकिन यह जगह छोटे-छोटे उद्योगों, आत्मनिर्भरता और इंसानी जज़्बे की मिसाल भी है।

---

## कहानी

जब हम धारावी पहुँचे, हमारी गाइड पूजा ने एक पुराने रेलवे पुल की ओर इशारा किया। ऊपर से तेज़ रफ़्तार से ट्रेनें गुज़र रही थीं—हर दिन लाखों लोग इन ट्रेनों में अपने काम पर जाते हैं। पूजा ने मुस्कुराते हुए कहा, “दोपहर का समय सबसे अच्छा होता है सफर के लिए—थोड़ी राहत मिलती है भीड़ से।”

धारावी की पहचान एक नीली पट्टी वाली दीवार से होती है। जैसे ही हम अंदर गए, तंग गलियाँ और मेहनतकश लोग दिखने लगे। कई लोग सिर पर भारी बोझ उठाए थे। चारों ओर बिजली की उलझी हुई तारें लटक रही थीं, और कुछ सीढ़ियाँ बिना मंज़िल के बस दीवारों से चिपकी थीं।

हमने देखा कि यहाँ एक स्वयं-निर्भर भोजन प्रणाली है। खाना यहीं पकाया जाता है और डब्बावाले, जो सिर्फ धारावी के अंदर काम करते हैं, हर घर तक समय पर भोजन पहुँचाते हैं। इस तरह की व्यवस्था हमें कहीं और देखने को नहीं मिली।

एक फ़ैक्ट्री में प्लास्टिक की  रीसायक्लिंग हो रही  थी । हम हैरान थे जब हमने एक मच्छर भगाने वाली टिकिया देखी जो छह महीने तक चलती है, और एक छोटी हाथ से चलने वाली गाड़ी—सादा, पर असरदार।

रिहायशी इलाके की गलियाँ और भी संकरी थीं। रोशनी कम थी, लेकिन हर तरफ़ जीवन की चहल-पहल थी। महिलाएँ बाहर बैठकर बातें कर रही थीं, खाना बना रही थीं। बच्चे हमें देखकर हँसते, हाई-फ़ाइव देते। बूढ़े लोग एक कोने में बैठकर आराम कर रहे थे। कुछ दुकानों से माँस की ख़ुशबू आ रही थी।
फिर पूजा ने अपनी कहानी सुनाई—उसकी आँखों में वो सब दिख रहा था जो शब्दों से ज़्यादा गहरा था।
बचपन में उसके साथ बुरा व्यवहार हुआ था, लेकिन उसके माँ-बाप ने उस पर विश्वास नहीं किया। फिर भी, जब कोविड के समय उसके पिता बीमार पड़े, तो पूजा ने पैदल चलकर उनके लिए ख़ून का इंतज़ाम किया।
उसने अड़तालीस हज़ार रुपये का अस्पताल बिल चुकाया, जो उसने घरों में काम करके कमाया था।

वहीं, जब उसकी छोटी बहन की शादी हुई, पूजा ने दो लाख रुपये का योगदान दिया।
ये पैसे उसने कर्ज़ लेकर जुटाए थे, और वह आज भी वो कर्ज़ धीरे-धीरे चुका रही है।

बाद में, पूजा ने एक मुस्लिम युवक से शादी की—और उसके माता-पिता ने हमेशा के लिए रिश्ता तोड़ दिया।

“अब मैंने उन्हें माफ़ कर दिया है,” उसने सादगी से कहा। “अब मैं अपनी ज़िंदगी जी रही हूँ। मैंने पहली महिला गाइड के रूप में यहाँ शुरुआत की थी, और आज मेरी तरह आठ और महिलाएँ भी ये काम कर रही हैं।”

वो मुस्कुरा रही थी। एक ऐसी मुस्कान जो सब कुछ कह रही थी—दर्द, ताक़त, और आत्म-सम्मान।

उस दिन मैंने सीखा कि हर कोई अपनी लड़ाई लड़ रहा है। कोई झोपड़ी में भी खुश है, और कोई महल में भी अधूरा। हमें जल्दी से जज नहीं करना चाहिए—हमें समझना चाहिए।

### संदेश (Moral)

“ज़िंदगी की सबसे बड़ी जीत, माफ़ कर देने में होती है। हर मुस्कुराता चेहरा एक गहरी कहानी छुपाए होता है।”

### शब्दकोश (Glossary)

| शब्द | अर्थ (Meaning) | शब्द | अर्थ (Meaning) |
|---|---|---|---|
| गाइड | मार्गदर्शक (Guide) | गर्व | अभिमान (Proud/Pride) |
| तंग गलियाँ | बहुत संकरी सड़कें (Narrow lanes) | मुस्कान | हँसी (Smile) |
| रीसायक्लिंग | पुनर्चक्रण (Recycling) | कर्ज़ | ऋण (Loan/Debt) |
| डब्बावाले | खाना पहुँचाने वाले लोग (Lunchbox carriers) | पैदल चलना | पैरों से चलना(Walk on foot) |
| स्वयं-निर्भर | आत्म-निर्भर (Self-sufficient) | इंतज़ाम करना | व्यवस्था करना (To arrange) |
| रिहायशी | रहने का इलाका (Residential area) | माफ़ करना | क्षमा करना(Forgive) |

**(धारावी की गाइड पूजा द्वारा सुनाई गई कथा पर आधारित, मुंबई)**

**Intermediate Mid-High**

अभ्यास

**Interpretive-**

**1.** शब्दार्थ **(Vocabulary Meaning Match)**
निर्देश: प्रत्येक शब्द को उसके सही अर्थ से मिलाइए।

| | |
|---|---|
| गाइड | ऋण |
| कर्ज़ | आत्म-निर्भर |
| स्वयं-निर्भर | मार्गदर्शक |
| माफ़ करना | खाना पहुँचाने वाले |
| डब्बावाले | क्षमा करना |

**2.** रिक्त स्थान भरिए **(Fill in the Blanks)**
निर्देश: नीचे दिए गए वाक्यों में सही शब्द भरिए (गाइड,डब्बावाले, संघर्ष, कर्ज़, प्रेरणा ):

1. पूजा हमारी ________ थी, जिसने हमें धारावी की गलियों से परिचित कराया।
2. जीवन में सफलता के लिए ___________ ज़रूरी है।
3. उसने बहन की शादी के लिए ___________ लिया।
4. ________ समय पर हर घर में खाना पहुँचाते हैं।
5. पूजा की कहानी मेरे लिए ___________ है।

**3.**विलोम शब्द लिखिए **(Write Opposites)**
निर्देश: नीचे दिए गए शब्दों का उपयुक्त विलोम (विपरीत अर्थ वाला शब्द) लिखिए।

1. मुस्कान ≠ ________________
2. सम्मान ≠ ________________
3. माफ़ करना ≠ ________________
4. प्रेरणा ≠ ________________
5. स्वयं-निर्भर ≠ ________________

**4.** पर्यायवाची शब्द लिखिए **(Write Synonyms)**
निर्देश: नीचे लिखे शब्दों के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए।

मुस्कान = __________ , __________

संघर्ष = __________ , __________

सम्मान = __________ , __________

प्रेरणा = __________ , __________

गाइड = __________ , __________

**5.** संक्षेप में उत्तर दीजिए **(Short Answer – Interpretive)**
निर्देश: कहानी के अनुसार उत्तर दीजिए:

पूजा ने अपने जीवन में कौन-कौन से काम किए जिससे वह प्रेरणा बन गई?

धारावी की कौन-सी बातें आपको अलग और विशेष लगीं?

पूजा की सबसे बड़ी शक्ति क्या थी?

## Interpersonal

**6.** संवाद गतिविधि **(Interpersonal Speaking – Vlog Planning)**
निर्देश:
जोड़े में काम कीजिए। नीचे दिए गए सवालों पर आपस में बातचीत कीजिए और फिर मिलकर एक छोटा **YouTube-style** वीडियो **(vlog)** बनाने की योजना बनाइए।

परिस्थिति:
आप दोनों एक **YouTube** चैनल के लिए एक वीडियो बनाना चाहते हैं। इस वीडियो का विषय है:
"मुश्किल समय में हिम्मत और उम्मीद कैसे बनाए रखें?"
बात करते समय पूजा की कहानी का ज़िक्र करें और अपने खुद के अनुभव भी साझा करें।

उद्देश्य:
बातचीत से अपने विचार इकट्ठा करना ताकि आप दोनों मिलकर एक प्रेरणादायक और समझदारी से भरा हुआ वीडियो बना सकें।

सवाल:

पूजा ने क्या-क्या मुश्किलें झेली और उसने क्या सीखा?

क्या आपने कभी किसी मुश्किल समय में किसी की मदद की या किसी को माफ़ किया?

ऐसे समय में इंसान को सबसे ज़्यादा क्या चाहिए होता है — पैसा, सहारा, या कुछ और?

नोट: ये सिर्फ़ उदाहरण हैं — आप अपने सवाल भी बना सकते हैं और अपने दोस्त से पूछ सकते हैं।

अंत में:
एक पंक्ति में मिलकर लिखिए –
"हमारा वीडियो इस बात पर होगा कि…"

**7.** भूमिकाओं में बातचीत **(Role-Based Conversation – Interpersonal Speaking)**

निर्देश:
एक जोड़ी में दो छात्र मिलकर नीचे दी गई भूमिकाएँ निभाएँ और कहानी से जुड़ी बातचीत करें।

भूमिकाएँ:
विद्यार्थी **A:** पत्रकार **(Interviewer)**
विद्यार्थी **B:** पूजा की भूमिका निभा रहा/रही है

परिस्थिति:
पत्रकार एक अख़बार के लिए पूजा का इंटरव्यू ले रहा है ताकि लोग उसकी कहानी से कुछ सीख सकें।

जरूरी बात:
पत्रकार केवल एक सवाल न पूछे — हर जवाब के बाद एक और छोटा सवाल ज़रूर पूछे ताकि बातचीत लंबी और दिलचस्प हो।
जैसे: "कब?", "कैसे?", "फिर आपने क्या किया?", "आपको कैसा लगा?" आदि।

प्रश्नों के सुझाव:
आपने गाइड का काम क्यों शुरू किया?
क्या यह आपके लिए आसान फैसला था?

आपने अपने बीमार पापा की मदद कैसे की?
उस समय आपको सबसे ज़्यादा चिंता किस बात की थी?

बहन की शादी के लिए आपने क्या किया?
क्या किसी ने आपकी मदद की?

क्या मम्मी-पापा ने आपके फ़ैसलों का समर्थन किया?
उन्होंने क्या कहा?

आपकी सबसे कठिन चुनौती क्या थी?
आपने उसे कैसे पार किया?

पत्रकार अपने खुद के **2** सवाल ज़रूर बनाए और पूछे।

## Presentational

**8.** विचार व्यक्त कीजिए **(Presentational – Writing Task)**
निर्देश:
पूजा की कहानी से आपने क्या सीखा, इस पर **5–6** पंक्तियों में एक अनुच्छेद लिखिए।

आपको अपनी बात में यह शामिल करना है:

इंटरपर्सनल गतिविधियों (जैसे **vlog planning**) में आपने जो विचार अपने साथी से साझा किए थे, उनका प्रयोग करें

अपनी राय या अनुभव भी जोड़ सकते हैं

कम से कम तीन शब्दावली शब्दों का प्रयोग करें
(उदाहरण: संघर्ष, प्रेरणा, माफ़ करना, सहारा, सम्मान)

ध्यान दें:
पूरा अनुच्छेद साफ़, क्रमबद्ध और समझ में आने वाला होना चाहिए।

**9.** अपना वाक्य बनाएँ **(Make Your Own Sentence)**
निर्देश: नीचे दिए गए शब्दों में से किसी भी तीन शब्दों का प्रयोग करते हुए, कहानी से संबंधित वाक्य बनाएँ। आपके वाक्य कहानी की घटनाओं, पात्रों या उनके जीवन से जुड़े होने चाहिए।

शब्द:

कर्ज़

माफ़ करना

संघर्ष

रिहायशी

इंतज़ाम करना

(उदाहरण:पूजा ने बहन की शादी के लिए कर्ज़ लिया था।*)*

**10.** शब्द-चित्र **(Word Art or Poster Activity – Optional)**
निर्देश: एक शब्द (जैसे "संघर्ष" या "माफ़ करना") चुनिए और उसका पोस्टर बनाइए जिसमें चित्र, उसका अर्थ और एक उदाहरण वाक्य हो।

[https://youtu.be/jasGxi7e-fo?si=Hbv4i4AAaJzOC49C](https://youtu.be/jasGxi7e-fo?si=Hbv4i4AAaJzOC49C)